
खबर संक्षेप

## ग्रामीणों की सूचना पर लफरा में बड़ी कार्यवाही- पुलिस ने पाँच प्रकरण किए दर्ज



**मण्डला।** दिनांक 30.05.2025 को ग्राम लफरा की कुछ जागरूक महिलाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आकर सूचना दी थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का निर्माण एवं विक्रय किया जा रहा है, जिससे सामाजिक वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है एवं बच्चों का भविष्य भी खतरे में है। इस सूचना पर तत्काल संज्ञान में लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला मण्डला एवं अनुविभागीय अधिकारी (पु.) नैनपुर के के निर्देशानुसार थाना बम्हनी एवं थाना नैनपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम लफरा में दिनांक 30.05.2025 को अवैध शराब के विरुद्ध रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए विभिन्न व्यक्तियों के कब्जे से हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं देशी/विदेशी मदिरा बरामद की गई। इस दौरान कुल 05 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(ए) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। मंडला पुलिस द्वारा नशे के संबंध मे प्राप्त सूचना पर इसी तरह की त्वरित कार्रवाई लगातार की जावेगी।

### नशा एक सामाजिक बुराई है जिसे मिटाने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी

# विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम





*** हम सब मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करने का संकल्प लें-कलेक्टर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

31 मई विश्व तम्बाखू निषेध दिवस के अवसर पर जिला योजना भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री रोहित बड़कुल शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि समाज में नशा एक सामाजिक बुराई है जिसे मिटाने के लिए हम सबको जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी, इसके लिए आवश्यक है कि हम सभी मिलकर समाज में जागरूकता फैलाएं। नशे के कारण हमारे समाज में बहुत से घर उजड़ जाते हैं। तम्बाखू तथा तम्बाखू से बने हुए उत्पाद मानव जीवन के लिए कितने घातक हैं इसके विषय में लोगों को जागरूक करते हुए इस नशे से दूर करने में हमें अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी समाज में किसी भी प्रकार का नशा व्यक्ति के लिए न सिर्फ अपमान का कारण बनता है बल्कि यह उनकी पीढ़ियों को भी नुकसान पहुंचाता है। नशे के दुष्प्रभाव के कारण मनुष्य को आर्थिक और मानसिक क्षति होती है। व्यसन से शारीरिक नुकसान तो होता ही है साथ ही नशे के कारण होने वाली बीमारियों से परिवार आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाता है। हम सब मिलकर नशामुक्त समाज का निर्माण करने का संकल्प लें और हर एक व्यक्ति कम से कम 10 लोगों को नशे से मुक्त कराने का प्रयास करे। आजकल नशामुक्ति के बहुत से केन्द्र भी इस कार्य में लोगों का सहयोग कर रहे हैं। प्रशासन, पुलिस और सामाजिक संगठन तो यह प्रयास कर ही रहे हैं इसमें यदि आमजन भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेंगे तो निश्चित ही हम अपने समाज को नशामुक्त बनाने में सफल हो सकेंगे। नशामुक्ति अभियान के इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने उपस्थितजनों को नशामुक्ति संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम की स्वयंसेविकाएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, लोक कलाकार तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्व तम्बाखू निषेध दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

विश्व तम्बाखू निषेध दिवस 31 मई को जिला मुख्यालय में जिला योजना भवन से नशामुक्त अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा की उपस्थिति में किया गया। जिला योजना भवन से प्रारंभ हुई यह रैली नगर के मुख्य मार्गों तथा चौराहों से होते हुए रेडक्रॉस चौक के पास समाप्त हुई। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम की स्वयंसेविकाएं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, लोक कलाकार तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## दीर्घ सेवा उपरांत विदाई, मण्डला पुलिस के चार अधिकारी हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

कल मंडला पुलिस विभाग के चार अधिकारियों ने अपने दीर्घकालीन, समर्पित एवं अनुकरणीय सेवाकाल के पश्चात सेवानिवृत्ति प्राप्त की। इस अवसर पर मंडला पुलिस परिवार द्वारा एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को विदाई दी गई।

सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में बृजकिशोर बैष्णव पुलिस विभाग में वर्ष 1981 में सहायक उप निरीक्षक (अ) पद से सेवा प्रारंभ कर 44 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति हुए। वर्तमान में सुबेदार आंकिक के पद पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मंडला में पदस्थ थे, का. उप निरीक्षक श्री रघुवीरसिंह मरावी ने वर्ष 1982 में आरक्षक (GD) के पद से सेवा प्रारंभ की और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए कार्यवाहक उप निरीक्षक के पद तक पहुंचे, प्रधान आरक्षक श्री उत्तम पटेल ने वर्ष 1992 में पुलिस विभाग में प्रवेश किया और निरंतर कार्य करते हुए प्रधान आरक्षक पद तक की सेवा पूरी की, प्रधान आरक्षक रामप्रसाद टेकाम ने वर्ष 1984 में आपने आरक्षक के पद पर पदस्थ होकर पुलिस सेवा प्रारंभ की और उत्कृष्ट सेवा देते हुए प्रधान आरक्षक के पद पर सेवानिवृत्त हुए।

इस गरिमामय अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने सभी सेवानिवृत्तजनों की कार्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवाभाव की सराहना की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों की सफल सेवा यात्रा में उनके परिवारजनों का भी अतुलनीय योगदान रहा है। पुलिस सेवा के विशेष स्वभाव के कारण अनेक बार पारिवारिक त्याग की आवश्यकता होती है, और इन अधिकारियों के पीछे उनके परिवार का जो धैर्य, सहयोग और समर्थन रहा, वह अत्यंत सराहनीय है।

समारोह में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उन्हें सुदृढ़ स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।



# भारतीय पत्रकार संघ ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) के बैनर तले जिले के जीवन बीमा निगम कार्यालय के पीछे झंकार भवन, मंडला में आयोजित किया गया जिसमे जिले भर से छात्र छात्राये अपने परिजनो के साथ हिस्सा लिया। जहाँ पर एआईजे संघ के द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जिसमें जिले एवं प्रदेश की मेरिट सूची में शामिल 100 मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ साथ ही CBSE बोर्ड के टॉपर विद्यार्थियों को मंच में आसीन अथितियो के द्वारा पुष्प गुच्छ एंव माला पहनाने के साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यह बेहतरीन आयोजन न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और सफलता का सम्मान करता है साथ ही इनकी सफलता की कहानियों से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है। सम्मनित हुए छात्र छात्राओं और उनके साथ आये परिजनों के चेहरे अद्भुत गर्व से खिल उठे। विद्यार्थियों के चेहरे में सफलता के सम्मान की प्रसन्नता देखने लायक थी। छात्र छात्राओं के साथ आये परिजन और साथियों ने संघ के इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए आभार जताया और धन्यवाद प्रेषित किया।

इस समारोह में उन स्कूलों के संस्था प्रमुखों को भी सम्मानित किया गया जिनके शत-प्रतिशत विद्यार्थी इस बार परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह सम्मान उन शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन की प्रतिबद्धता का प्रतीक हुआ जहाँ शिक्षकों, और प्राचार्यों ने जो मेहनत से बच्चों को अच्छे अंक दिलवाने में मदद की छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान की ऐसे शिक्षकों को भी मंच से अथितियों के द्वारा फूल माला और प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

बच्चों के उत्साहवर्धन एवं प्रेरणा के लिए ₹सफलता की कहानी₹ नामक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के सफल छात्र छात्राओं एंव जिले के बरिष्ठ प्रचार्य व शिक्षको ने अपने अनुभव साझा किये और विद्यार्थियों को उनके भविष्य निर्माण के लिए आने वाली तरह तरह की कठनाइयों का मार्गदर्शन दिया गया। भारतीय पत्रकार संघ हमेशा अपने सार्थक और उल्लेखनीय कार्यों में अग्रसर हैं।

विदित हो कि भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) देश के 22 राज्यों में अपना 11से वर्षो लगातार पत्रकारो के हित में कार्य कर रहा है, यह 551 वा सार्थक आयोजन उल्लासित माहौल में संपन्न हुआ।

## महाराणा प्रताप की जयंती पर निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/भुआबिछिया



महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती के अवसर पर भुआबिछिया में विविध आयोजन हुए। शाम को नगर में राजपूत समाज ,हिन्दू समाज के तत्वावधान में दुर्गा मंच बिछिया में मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न हुए । जिसमें मुख्य अतिथि अरुण प्रताप सिंह राजपूत संभागीय अध्यक्ष करणी सेना, राजेश सिंह भैस करणी सेना, पूर्व जनपद अध्यक्ष जोश सिंह राजपूत, संरक्षक, श्री पंडेले बिरसा, कोम सिंह राजपूत, पुरुषोत्तम राजपूत आदि अतिथि मंचासीन थें।

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर राजपूत समाज बंधुओं द्वारा नगर में इस अवसर पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पुष्प वर्षा कर पूजा अर्चना की गई। समाज बंधुओं ने महाराणा प्रताप के जीवन के प्रसंग सुनाते हुए देश प्रेम और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया। समाज बंधुओं ने सम्बोधित करते हुए युवाओं को देश के मर मिटने और राष्ट्र भक्ति के प्रेरित, देश के प्रति समर्पण भाव रखने के लिए प्रेरित किया और जीवन में दशक प्रति समर्पित रहने का आव्हान किया। महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम स्थल से नगर में महाराणा प्रताप के स्वरूप को घोड़े में सवार किया गया।डीजे, आतिशबाजी, जोरदार शौर्य युक्त नारे लगाए गए। जगह-जगह शौभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजपूत समाज और अन्य समाज के बंधु शामिल हुए।

## विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज मण्डला में मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज खैरी, मण्डला में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि विनोद कछवाहा अध्यक्ष नगरपालिका मण्डला विशिष्ट अतिथि प्रफुल्ल मिश्रा अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मण्डला, महाविद्यालय शिक्षा विभाग प्रमुख तनुजा शर्मा, विवेक सिंह ठाकुर एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशीष ज्योतिषी उपस्थित रहे। कार्यशाला में तम्बाकू सेवन से होने वाले बीमारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई बताया गया कि तम्बाकू मानव शरीर के लिये हानिकारक है जिससे कैसर जैसी लाइलाज बीमारी उत्पन्न हो जाती है जिससे व्यक्ति गंभीर अवस्था में पहुंच जाता है। हम सभी को तम्बाकू और तम्बाकू से संबंधित उत्पाद का सेवन नहीं करना चाहिये और समाज में इस विषय को लेकर जागरूकता फैलाने की आज आवश्यकता है। हम देख रहे हैं कि दिन-प्रतिदिन तम्बाकू सेवन से होने वाले रोगों की संख्या बढ़ती जा रही है जिससे व्यक्तियों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने तम्बाकू सेवन न करने और समाज में जनजागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यशाला में मंच संचालन ललिता पटेल ने किया कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

**चौपाल** | **नौ तपा की गर्मी के बाद भी चौपाल में शामिल हो रहे ग्रामीणजन।**

# तटीय ग्रामों में नर्मदा सेवा समितियों का गठन

*** नर्मदा पथ का किया जा रहा सर्वेक्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



प्रदेश के 16 जिलों, 51 विकासखंडों के 335 पंचायतों में माँ नर्मदा सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा दिनांक 25 मई से 05 जून 2025 तक निकाली जा रही हैं। मंडला जिले में उत्तर तट के प्रत्येक नर्मदा तटीय ग्राम पंचायतों में नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा निकाली जा रही हैं। सार्वजनिक चौपालों के माध्यम से नर्मदा सेवा समितियों का गठन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज की यात्रा ग्राम बडीखैरी से प्रारंभ होकर आमानाला, खुडिया, पटपरा व छपरी (सिलपुरी) में समापन हुई। प्रत्येक स्थानों की चौपालों में यात्रा दल प्रभारी व म.प्र.जन अभियान परिषद् के जिला समंवयक राजेन्द्र चौधरी ने यात्रा का उद्देश्य विस्तार से बताया। काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल के संचालक आचार्य भीमदेव जी नैष्टिक ब्रम्हचारी जी एवं श्री देववप्पा आश्रम सुरंगदेवरी के महंत स्वामी सच्चिदानंद महाराज जी ने प्रत्येक स्थानों में सभी उपस्थित जनों के समक्ष पतित पावनी माँ के वर्तमान समय में किस तरह के दुष्प्रभाव पड रहे हैं, इससे अवगत कराया। अंत में राजेन्द्र चौधरी ने सर्वे प्रपत्र की जानकारी भरवाया एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम वासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।



ग्राम चौपालों में स्थानीय ग्रामवासियों ने खुलकर सहभागिता निभाई। नौतपा की गर्मी के बाद भी ग्रामीणजनों की अच्छी सहभागिता रही। हर स्थानों में पंचायत के प्रतिनिधियों ने यात्रा दल के लोगों का गर्म जोशी से स्वागत किया। यात्रा के दौरान मंच संचालन लालाराम चक्रवर्ती ने किया। सभी पांचों स्थानों पर परामर्शदाता संतोष रजक, आशीष नामदेव, श्रीमती दीपा श्रीवास एवं श्रीमती रागिनी हरदहा जी कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु उपस्थित थे। स्वामी सच्चितानंद जी महाराज सुरंदेवरी आश्रम, राजेंद्र चौधरी (जिला समन्वक एवं यात्रा प्रभारी म.प्र. जन अभियान परिषद मंडला), विकासखंड समन्वयक संतोष झरिया, सुनील साहू, श्रीमती सीमा कुंजाम सरपंच ग्राम पंचायत खुड़िया,सचिव कमल किशोर कछवाहा, देवीसिंह, रमेश पंजवानी, मनोज कुड़ापे। कार्यक्रम के दौरान सभी स्थानों पर पंचायत सरपंच, सचिव, उपसरपंच, रोजगार सहायक, पंच, कोटवार एवं आम जनता एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## माहिष्मती समर किड्स कैम्प-2 का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट मंडला द्वारा माहिष्मती घाट में आयोजित किये जा रहे समर किड्स कैम्प-2 का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन के अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट उपस्थित हुए। इस अवसर पर कलेक्टर ने समर कैम्प में शामिल हुए बच्चों से चर्चा की। बच्चों ने अधिकारी द्वय को समर कैम्प में की गई गतिविधियों के बारे में बताया। नन्हें-मुन्हे बच्चों ने समर कैम्प में अभ्यास किये वैदिक मंत्र भी सुनाए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कैम्प में भाग लेने वाले बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दी। समर कैम्प के इस द्वितीय बैच में कुल 81 बच्चों ने हिस्सा लिया। समापन अवसर पर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार मण्डला हिमांशु भलावी, सीएमओ नगर पालिका परिषद गजानन नाफड़े, नमामि नर्मदे महा आरती ट्रस्ट के ट्रस्टी सदस्य, समर कैम्प के प्रशिक्षक, बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़कों के किनारे लगातार बढ़ रही अतिक्रमण के चलते बन रही दुर्घटनाओं की संभावनाएं, प्रशासन बना अनजान

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय नगर में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि नगर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जिसे जहां मर्जी हो रही है वहां पर अपना कब्जा जमाने से नही चूक रहा है, इस प्रकार से नगर की मुख्य माने जाने वाली सड़कों के किनारे लोगों द्वारा अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये किये जाने वाला अतिक्रमण आम लोगों की जिन्दगी के लिये पूर्ण रूप से खतरा साबित होने से नही चूक रहा है, मगर इस सच्चाई को जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है वह चिंता जनक सच्चाई उजागर करने से नही चूक पा रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के प्रमुख माने जाने वाले वायपास मार्ग पर रिलांइस पेट्रोल पंप के पास देखा जा रहा है, जहां पर बताया जाता है कि किसी पंचर सुधारने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया अतिक्रमण निश्चित ही किसी दिन कोई बड़ी घटना को अंजाम देने से नही चूक पायेगा? क्योंकि जिस जगह यह अतिक्रमण करते हुये दुकान बनाई गई है, उसी जगह वाहनों की आवाजाही के लिये प्रमुख स्थल इसलिये मानी जाती है कि जो वाहन कौड़यि की ओर से आता है वह घाट होने के कारण तेज गति से दौड़ते हुये आने से नही चूकता है, वही दूसरी ओर पेट्रोल पंप से जब कोई वाहन डीजल या पेट्रोल लेकर जब कौड़यि की ओर जाता है तो इस अतिक्रमण के चलते सामने से आने वाला वाहन उस समय तक दिखाई नही पड़ता है जब तक वह मुख्य मार्ग पर नही पहुंच जाता है और मुख्य मार्ग पर पहुंचते ही जब दूसरी ओर से तेज गति से आने वाले वाहन आमने सामने होते है तो वाहन को रोक पाना मुश्किल होने से नही चूकता है? वही दूसरी ओर जब इस दुकान पर कोई व्यक्ति पंचर जुडवाने या फिर हवा भरवाने के लिये रूकता है तो उसे भी मुख्य सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा करना पड़ता है, इस स्थिति के चलते निश्चित ही यहां पर हुआ अतिक्रमण किसी दिन कोई बड़ी घटना का कारण बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? मगर इस सच्चाई को प्रशासन द्वारा जिस प्रकार से नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते यह जान पड़ने से नही चूक पा रहा है कि शायद प्रशासन में बैठे हुये अधिकारी ही किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हो?

### कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं, नहीं मिल पाता है हितग्राहियों को लाभ

हरिभूमि न्यूज/ चीचली। राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है जिसके चलते इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी, इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है...? इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यो की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है, मगर सच्चाई कुछ और ही है। क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्विष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है...? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है उनमे सही एवं पात्र लोगों को लाभ न मिलकर अन्य लोगों को इसका लाभ मिल जाता है और जिन पंचायतों मे आदिवासी सरपंच है एवं महिला सरपंच है उनके कर्ताधर्ता उप सरपंच या सचिव होते है जो सामान्य या अन्य वर्ग के होते है जो भाई भतीजावाद के आधार पर सरपंच को गुमराह कर शासन की राशि पर पलीता लगाते रहते है? शासन को उक्त समस्त योजनाओं की पुनः खोज खबर लेनी होगी ताकि प्रदेश सरकार को अपनी महत्ता के साथ साथ अपनी ही पार्टी के पंचायत स्तर पर बैठे जनप्रतिनिधियों की पंचायतों की जांच करना जरूरी है।

**तम्बाखू निषेध दिवस के मौके पर स्थानीय स्तर पर न तो प्रशासन द्वारा और न ही किसी समाजसेवी संस्थाओं द्वारा दिया युवाओं के लिए नशा मुक्ति पर कोई संदेश...**

# सिगरेट का धुंआ व मादक पदार्थो का बज बजाता बाजार छीन रहा युवाओं के जीवन का सुनहरा भविष्य







हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा

अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन से लेकर समाज सेवी संस्थाओं सहित एनजीओ द्वारा नशा मुक्ति के नाम पर आये दिन युवाओं को नशा से दूर रहने के लिये अनेक प्रकार के संदेश देते हुये देखा जाता है। मगर वह आयोजन सिर्फ अखबारों की सुर्खियों में छाने के आलवा और कुछ साबित होने से नही चूक पाते है। क्योंकि जिस प्रकार से देखा गया कि कल 31 मई शनिवार को जहां अंतर्राष्टीय तम्बाखू व धूम्रपान निषेध दिवस होने के बाबजूद भी शासकीय कार्यालयों से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर धडल्ले से धूर्मपान करते हुए लोग नजर आ रहे थें। सार्वजनिक स्थानों पर युवाओं को सिगरेट धुंआ के छल्ले उड़ाते हुये देखा जाना आम बात होने से नही चूक रही थी। जबकि इस बात को सभी लोग जानते है कि जहां सार्वजनिक स्थलें पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित है। मगर इसके बाद भी इस आदेश का शायद ही कही पालन होते हुये देखा जा रहा हो..? जबकि लोगों का उम्मीद थी कि शायद प्रशासन द्वारा बीते हुये वर्षो में जिस तरह महामारी का मंजर देखे जाने बाद इस बात से भी लोगों को सचेत किया जावेगा कि धूम्रपान से कैंसर जैसी घातक बीमारी फैलाने वाली सिगरेट, जर्दा, तम्बाखु युक्त गुटकों, बिड़ियों का सेवन करना सेहत की दृष्टि से ठीक नही है। मगर इस दिवस नगर में मात्र प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्था के आलवा प्रशासन की ओर से कोई पहल करना भी उचित नही समझा गया जिसका परिणाम है कि अब इस प्रकार का नशा जहां युवाओं के लिये फैसन बनते हुये चला जा रहा है। क्योंकि क्षेत्र के गांवो में तो सिर्फ बीड़ी फूंकने, हथेली में जर्दा मल कर फॉकने का चलन है। किंतु शहर के अधिकतर युवाओं के लिए सड़कों, स्टेशन, सार्वजानिक स्थानों पर सिगरेट से धुयें के छल्ले उड़ाकर वातावरण को प्रदूषित करना आम बात बन चुकी है। हालत यह है कि सिगरेटो के साथ तम्बाकू युक्त गुटकों का सेवन करने की प्रवृत्ति के कारण युवाओं के चेहरों की चमक दमक गायब हो रही है और महँगी तथा देशी /विदेशी सिगरेटो का धुआँ निरंतर युवाओं का सुनहरा भविष्य छीन रहा है जो जुये, सट्टे, कैसीनो, होटल बाजी काफी हद तक प्रेम की हिलोर की गिरफ्त में आये युवा यह सोचने में असमर्थ हो गए है कि सिगरेट पीने के शौक से किस तरह पीछा छुड़ाया जाए। यह बात नहीं है कि सिगरेट का जादू केवल युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है बल्कि हकीकत यह है कि शहर के शासकीय विभागों के कार्यालयों से लेकर नगर के अनेक बैंक शाखाओं, स्टेशन, बस स्टेण्ड, बाजार में भी सावन के बादलो की तरह सिगरेट के धुयें के छल्ले हवा में उड़ते दिखाई दे रहे है और नगर में बढ़ती जा रही पान की दुकानें इस बात की गवाही दे रही है कि स्वास्थ की दुश्मन सिगरेट, बीड़ी पीने का चलन रूक नही रहा है तथा लोग तम्बाखू युक्त चीजो से जानित बीमारियों के शिकार होकर अपने खून पसीने की कमाई डाक्टरो को भेट करने मजबूर हो रहे है। इस संबंध में शहर के अनेक पान विक्रेताओं ने बताया कि वर्तमान में एक से एक बढ़कर सिगरेटें बाजार में आ गयी है। साधारण मानी जाने वाली सिगरेट जहां 10 रू. में एक बिक रही है। वही खूब सूरत पैकिटों में रखी सिगरेट के दाम काफी ऊंचे है, जिसके चलते सिगरेट के लुभावने पैकिटों की रेंज शोकेसों में सजाना उनकी विवशता हो गयी है। वही दूसरी ओर शहरों के साथ गांव गांव अवैध रूप से बिक रही शराब के साथ साथ स्मैक, गांजा सहित अन्य प्रकार के मादक पदार्थो के अवैध कारोबार की चपेट में युवा व किशोर के साथ साथ अब लड़कियों भी आने से नही बच पा रहे है और इसी का परिणाम है कि शराब के जाम छलकाने के दौरान युवा जहां बेहतरीन सिगरेट पीना पसंद करने लगे है। इस प्रकार लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के फैशन के कारण शहर में प्रतिदिन जमकर गुटकों, बिडी, सिगरेट का कारोबार हो रहा है और नगर का माहौल सिगरेट, बिडी के धुयें के विषाक्त असर से विकृत करने से नही चूक रहा है। बीते हुये कल यानि की 31 मई दिन शनिवार को अंतर्राष्टीय धूम्रपान निषेध दिवस पर देखा गया कि जहां अनेक युवा इस प्रकार से धूम्रपान की गिरफ्त में फंसे हुए देखे गये। मगर धन्य है प्रशासन जिसने इस अंतर्राष्टीय धूम्रपान दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशासन द्वारा इन युवाओं की जिन्दगी को बचाने के लिये कोई पहल की गई हो...? जबकि अक्सर देखा जाता है कि प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति को लेकर जहां प्रतिवर्ष हजारों रूपया खर्च करते हुए देखा जाता है। मगर इस दिवस पर प्रशासन की उदासीनता का खुला प्रमाध देखने मिलने से नही चूक पाया है। जबकि गौर किया जावे तो नगर में नशा मुक्ति के नाम पर एनजीओ तक संचालित हो रहे है जो आये दिन नशा मुक्ति के नाम पर अनेक प्रकार के आयोजन करते हुए आमजन की नजरों में वाही वाही लूटते हुए लोगों को नशा मुक्त करने के नाम पर शासन से पैसा हथियाने से नही चूकते है? मगर इस दिवस किसी के द्वारा भी युवाओं के लगातार फंस रहे नशें से मुक्त दिलाने के लिये कोई पहल करने का प्रयास किया गया हो। क्योंकि नशे की गिरफ्त में फसा हुआ व्यक्ति अपने आप को तो बीमारी से बचाने में सफल नही होता है साथ ही साथ नशे की गिरफ्त में फंसे व्यक्ति का पूरा परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच जाता है? जब उसे अपनी लत पूरी करने के लिए पैसो की व्यवस्था नही होती है तो वह अपने परिजनों के साथ मारपीट करते हुए पैसा छीनने से भी नही चूकता है और घर की जरूरी सामग्री को बेचते हुए अपनी लत को पूरा करता है जिसके चलते इस प्रकार से लोगों में लगातार बढ़ रही नशे की लत के चलते अनेक परिवार बिखरते हुए देखे जा रहे है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गाडरवारा केंद्र द्वारा नशा मुक्ति दिवस पर लगी प्रदर्शनी






हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस यानि तंबखू निषेध दिवस के मौके पर स्थानीय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय द्वारा नगर के मेन चौराहा झंडा चौक पर प्रदर्शनी का आयोजन करते हुये तंबाकू मुक्ति दिवस पर लोगों को नशे से मुक्ति दिलाने के लिए नशा मुक्ति, चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप जलाकर किया गया। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्था के मीडिया प्रभारी नीलेश साहू द्वारा बताया गया है कि इस मौके पर सर्राफा व्यवसायी दीपेश जैन एवं जाकिर हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान दीपेश जैन द्वारा लोगों को नशा से दूर रहने के लिये नाटक के माध्यम से जागरूक पूर्ण संदेश भी दिया गया। इस दौरान लोगों को नशा से दूर रहने का संदेश देते हुये अगवत कराया कि नशा के आदी होने से लोगों की जिन्दगी किस तरह खराब होती है।

## कबड्डी के साथ चीचली में किया गया समर शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज/चीचली। शहीद नगरी चीचली में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बीते हुये 1 मई से आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन 30 मई को कबड्डी खेल मैदान नगर परिषद चीचली में खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव के मार्गदर्शन में एवं ब्लॉक समन्वय राधा चौधरी एवं कबड्डी प्रशिक्षक शरीफ खान की मौजूगदी म संपन्न हुआ। बताया जाता है कि इस समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों के मध्य अभ्यास मैत्री मैच आयोजन किया गया। वही समापन अवसर पर नगर के सीनियर खिलाड़ी गोपाल कहार, सुमित कुशवाहा, गगन शर्मा, देव सोनी, शोएब , सत्यम, शिवलेश, अक्षय सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# अज्ञात वाहन की पैदल चल रहे युवक को मारी टक्कर, मौके पर ही हुई मौत

हरिभूमि न्यूज/कौड़िया। क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह बेलगाम गति से भारी भरकम ट्राला व डम्फर धमाचौकड़ी मचाये हुये है उसके चलते शायद ही कोई दिन ऐसा शेष जाता हो जब क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के चलते किसी ने किसी परिवार को दीपक बुझते हुये देखने न मिल रहा हो..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई शनिवार को उस समय देखने मिली जब ग्राम कौड़िया में मुख्य मार्ग से पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात किसी बड़े वाहन द्वारा इस तरह कुचल दिया गया जिसके चलते युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर युवक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी यह बात जानते है कि हर शनिवार को ग्राम कौड़िया में साप्ताहिक बाजार लगता है। यह बाजार गाडरवारा करेली मुख्य मार्ग के किनारे लगने के चलते ग्राम कौड़िया में दूर दूर से ग्रामीण आकर अपनी जरूरी सामग्री खरीदते है। इस स्थिति में शनिवार को कौड़िया के मुख्य मार्ग पर भीड़ का आलम होने के बाद भी भारी भरकम वाहनों की धमाचौकड़ी पर अंकुश न लगना प्रशासन की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है।



## ग्राम जमाड़ा का नाम रोशन करने वाली छात्रा के घर पहुंचकर बसेड़िया ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। हर छात्र छात्रा का सपना होता है कि वह पीएसी की परीक्षा पास करते हुये एक अधिकारी बनकर अपने गांव व माता पिता का नाम रोशन करे। मगर यह परीक्षा निश्चित तौर से इस तरह से होती है कि अनेक बच्चों निकलने का सपना अधूरा रह जाता है..? मगर अब देखा जा रहा है कि जिस तरह से ग्रामीण बच्चों द्वारा पूर्ण लग्न के साथ तैयारिया की जा रही है उसके चलते वह इस परीक्षा में सफलता हासिल करते हुये अपने माता पिता सहित गांव का नाम रोशन करने में पीछे नही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम जमाड़ा में देखने मिली है जहां पर गांव की एक बेटी ने इस परीक्षा में सफलता हासिल करते हुये पूरे गांव का नाम रोशन किया गया है। बताया जाता है कि एमपी पीएससी द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 के घोषित परिणाम में ग्राम जमाड़ा की आदिवासी छात्रा राधा गौंड का चयन इतिहास विषय से हुआ है। उनके चयन की खबर से जहां पूरे गांव हर्ष का माहौल मिल रहा है। वही दूसरी ओर छात्रा की सफलता पर सदा ही समाज सेवा के साथ साथ बेटी पढ़ाओं के नारे को सफल बनाते हुये लगे रहने वाली समाज सेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ ग्राम जमाड़ा का नाम रोशन करने वाली इस छात्रा के घर पहुंचकर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती के असवर पर छात्रा सहित उसके माता पिता को सम्मानित किया गया।

## यमदूत बन अनियंत्रित गति से दौड़ रहे सिंग्नल लाईट वाले वाहनों की मनमानी पर अंकुश नहीं..



हरिभूमि न्यूज/ मनकवारा।

दुर्घटना से देर भली यह नारा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने वाली पुलिस हमेशा दोहराती रहती है, किन्तु विडम्बना की बात है कि उसकी तरफ से सड़कों पर अनियंत्रित गति व तेज लाईट सहित काने यानि की दो लाईट होने पर एक लाईट जलने वाले वाहन चलाने पर रोक नही लगायी जाती है, जिसकी जीती जागती मिसाल इन दिनों क्षेत्र की सड़को पर देखने को मिल रही है, जहां पर वर्तमान में ग्राम की सड़कों पर दो पाहिया, चार पाहिया वाहन ट्रक व ट्रेक्टर यमदूत बनकर फर्राटे से तेज गति में दौड़ते नजर आ रहे है,हालत यह है कि दोपाहिया वाहन चालक, राहगीर काने वाहनो को टू व्हीलर वाहन समझने की भूल कर बैठते है और जब उन्हे सच पता चलता है तो खैरियत से घर पहुँचने की ईश्वर से प्रार्थना करने लगते है, बताया जाता है कि पुलिस के सामने से भी काने वाहनो के गुजरनें का सिलसिला चलता रहता है पर पुलिस वाहन चालको पर कार्यवाही करने की जगह हरी झंडी दे देती है,जिसका नतीजा है कि ग्राम में सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा लगातार बढ़ता जा रहा है,यातायात व्यवस्था में बाधक साबित हो रहे फर्राटे से दौड़ते वाहनों के सम्बंध में हरिभूमि टीम से क्षेत्रवासियों ने चर्चा के दौरान बताया गया कि इस समय जिस प्रकार से युवाओं को अपने वाहनों में तेज लाईट वाली एलईडी सहित अन्य प्रकार के लाईट लगावाकर वाहन चलाये जा रहे है वह प्रमुख रूप से दुर्घटना का कारण बनने से नही चूक रहे है, वही देखा जा रहा है कि गांवो की सड़को पर बिना बैक लाईट वाले वाहनो का दौड़ाया जाना खतरनाक है, क्योंकि सकरे मार्गो पर जब अनियंत्रित गाति वाले वाहन चलते है तो लोंगो का दिल दहल जाता है, पुलिस को जनहित में सड़को पर काने वाहनो के दौड़ाने पर पाबंदी लगानी चाहिए, ग्रामीणों के अनुसार रात में सिंगल लाईट वाले चार पाहिया वाहनों का सड़को पर दौड़ना उचित नही है, इन वाहनो से कभी भी सड़क हादसा हो सकता है, इस प्रकार से वाहनो की धमाचौकड़ी पर पुलिस को शीघ्र प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, क्षेत्र के लोगों के मुताबिक हमारे मकान मुख्य सड़क के किनारे बने हुए है, जहां छोटे बच्चे हमेशा खेलते है,बच्चो की ना समझी और निरंकुश वाहन चालको की जुर्रत से कभी भी दुर्घटना हो सकती है, वही क्षेत्र लोगों का कहना है कि शाम के समय अंधेरा होने से शाम के समय सड़को पर घूमने जाने वाले ग्रामवासी घर लौटते समय चार पाहिया वाहनो की सिंगल लाईट के कारण दोपाहिया वाहन समझ बैठते है और उन्हे बाल बाल बाचते हुए घर लौटने मजबूर होना पड़ता है, लोगों का कहना है कि आर टी ओ एवं पुलिस विभाग को मिलकर काने वाहन चालको के खिलाफ अभियान छेड़ना जरूरी हो गया है अन्यथा कभी भी ग्राम में बड़ी सड़क दुर्घटना घटित होना सम्भावित है, अक्सर देखा जाता है कि वाहन चालको को पुलिस का खौफ नहीं रह गया है,इसी का कारण है कि सड़को पर काने वाहन बेरोकटोक दौड़ रहे है, पुलिस द्वारा यादि यातायात व्यवस्था में सुधार अभी नहीं किया गया तो आशंका है कि आने वाले बारिश के मौसम में अनचाही सड़क दुर्घटनाएँ हो सकती है।

## सांझा चूल्हा कार्यक्रम ने गांवों में तोड़ा दम, अधिकारियों को जांच करने के लिए नही है समय



हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा। जिस प्रकार से शासकीय स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों सहित आंगनबाड़ी के छात्रों को पोषण युक्त अहार प्रदान करने हेतु साझा चूल्हा पोषण आहार कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी। मगर अब वह क्षेत्र के गांवों में औपचारिकता बन कर रह गया हुआ जान पड़ रहा है? बताया जाता है कि क्षेत्र के कई गाँवों में इस योजना ने दम तोड दिया है। गांवों में जाकर देखा जावे तो वहां पर न तो मीनू के अनुसार भोजन दिया जा रहा है और न ही साफ सफाई का ध्यान रखा जा रहा है? सरकार ने ग्रामीण स्कूलों के बच्चों और महिला एवं बाल विकास विभाग की आँगनवाड़ियों के बच्चों के लिए एक ही चूल्हे पर ताजा और पौष्टिक आहार देने की योजना को लागू तो किया गया है। किन्तु योजना का समुचित लाभ बच्चों को नही मिलते हुए नजर नही आ रहा है? बताया जाता है कि इस योजना के सफल कार्यान्वयन में ग्रामीणों की उदासीनता भी चिंता का विषय बन गई है। पंचायतों के सरपंच और सचिव भी अपने कर्तव्य निर्वहन के प्रति जागरूकता के साथ नजर नही आ रहे है? वही स्कूली बच्चों के लिए दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन को लेकर भी ग्रामीणों को शिकायत है कि साझा चूल्हा योजना में गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश है किन्तु अनेक जगहों पर समूहों को संचालन करने वाली महिलाओं के पतियों ने इसे व्यवसाय का माध्यम बना लिया है? जो मीनू का समुचित पालन ही नही हो रहा है, यही नही क्षेत्र के कई गाँवों में विभागीय सॉठ गॉठ के चलतें योजना कागजों में चलते हुए बताई जा रही है? और उनका भुगतान भी समूह ले रहे है? तथा इनकी गुणवत्ता पर भी ऊँगलियॉ उठ रही है? मगर तहसील स्तर से लेकर जिले में बैठे हुए अधिकारियों द्वारा इन्हें जांच करने की बात तो दूर उनके निरीक्षण करने के लिए भी समय नही मिलता जिसके चलते यह शासन की योजना भगवान भरोसे ही चलता हुआ जान पड़ रहा है।

# मंडी एवं नगर पालिका काम्प्लेक्स दुकानदारों पर लाखों रूपया बकाया तो दूसरी ओर अनेक दुकानें किरायेदार टू किरायदार पर चल रही है?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी द्वारा अपनी राजस्व आय बढ़ाने शापिंग काम्प्लेक्स दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसके चलते उपज मण्डी द्वारा लगभग 152 दुकाने बताई जाती है। इसी प्रकार से नगर पालिका द्वारा संजय गांधी मार्केट में 13 दुकाने, गांधी मार्केट में 11 दुकाने व इंदिरा शापिंग काम्प्लेक्स में 64 दुकाने तथा कामथ काम्प्लेक्स में 24 दुकाने तथा पं. दीनदयाल बस स्टैण्ड में 10 दुकाने, चीचली रोड पर स्थित काम्प्लेक्स में 10 दुकानों का निर्माण कराया गया था, जिसमें से इन शापिंग दुकानों में से 126 दुकाने नगर पालिका द्वारा किराये से दी गयी। मगर इस सब में मजेदार बात तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा इन दुकानों को अपनी जुगाडू व्यवस्था के चलते किराय से लेकर अन्य दूसरे को किराय पर दे रखी है, जिनका किराया विगत लम्बे समय से न तो मंडी कार्यालय में जमा हो रहा है ओर न ही नपा में जिसके कारण इस समय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंडी प्रशासन को दुकानदारों से 30 लाख रूपया से ऊपर तथा नगर पालिका प्रशासन को कई लाख रूपया से ऊपर की राशि इन दुकानदारों से किराय के रूप में लेना बाकी निकल रहा है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इन दुकानदारों में कुछ दुकानदारो की स्थिति तो कुछ इस प्रकार से बताई जाती है कि जिनका किराया लाख रूपया से ऊपर है। वही बताया जाता है कि मंडी एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा बकाया किराया वाले दुकानदारों पर नियमानुसार नोटिस देकर दुकान खाली कराने का अधिकार होने के साथ साथ किसी शासकीय संपत्ति के संबंध में बताया जाता है कि जो व्यक्ति यदि किराय से लेता है तो उसका उपयोग वही करता है किरायदार को किराय से देने का अधिकार नही होता है..? मगर बडे ही हैरत की बात है कि इसके बाद भी अनेक दुकान नियाम के खिलाफ किरायदार से किरायदार के रूप में चल रही है। लेकिन आज तक ऐसी कोई कार्यवाही मंडी एवं नगर पालिकस प्रशासन द्वारा की नही गयी, हालांकि मंडी एवं नगर पालिका वसूली अधिकारी का कहना है कि हम बकायादारों से राशि जमा करने की बात कहते रहते है, बहरहाल मंडी एवं नगर पालिका शापिंग काम्प्लेक्स से लाखों रूपयो की बकाया राशि बसूल न किया जाना नगर पालिका एवं मंडी प्रशासन की उदासीनता को उजागर करता है।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से मोटर साइकिल सवार तीन घायल, एक की मौत

**डिंडौरी**-कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया तिराहा में ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल हो गए और एक की मौत हो गई। फरियादी राजेंद्र सिंह पटटा पिता केहर सिंह पटटा उम्र 52 साल निवासी करंजिया ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया की मै पेंटिग का काम करता हूं, मेरे पांच बच्चे है। गुरुवार को शाम करीब 04.30 बजे मैं अपनी मोटरसाइकिल से पुत्र लवलेश्वरम पटटा उम्र 19 साल, पत्नी गीता बाई पटटा उम्र 40 साल एवं भांजा बिरजराज मरावी पिता गोकल सिंह मरावी उम्र 14 साल के साथ सक्का उमरिया गमी कार्यक्रम में आने के लिये निकला था। रात करीब 9 बजे सिमरिया तिराहा मे सुखदेव आनलाईन दुकान के सामने सिमरिया तरफ से एक ट्रेक्टर ट्राली के चालक ने लापरवाही पूर्वक हमारी मोटरसाइकिल मे साईड से टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल मे बैठे हम चारो लोग मोटरसाइकिल सहित वही गिर गये। दुर्घटना से मुझे भांजे बिरजराज मरावी मेरी पत्नी गीता बाई को और पुत्र लवलेश्वरम पटटा को चोट लगी थी। तब हम लोग आटो से ईलाज के लिये जिला अस्पताल डिण्डौरी आये थे। मेरी पत्नी और भांजा जिला अस्पताल में भर्ती है। पुत्र लवलेश्वरम की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस पर जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर**। राष्ट्रीय हिंदी पत्रकारिता दिवस 30 मई के अवसर पर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर के तत्वाधान में जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष व संभागीय प्रभारी राजेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, जिला इकाई अनूपपुर के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के समाज कल्याण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बनाए गए अंकित शुक्ला वरिष्ठ पत्रकारों के निवास में पहुंचकर शाल श्रीफल से पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पत्रकारों में अनूपपुर से लक्ष्मी नारायण शुक्ला, राजेश शिवहरे, अरविंद बियानी, प्रेम अग्रवाल, संतोष झा, राम नारायण पाण्डेय, कोतमा से रवि करण गौतम, संतोष मिश्रा तथा देवेश सिंह गहरवार के नाम शामिल है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी नारायण शुक्ला ने कहा कि यह पहली बार हैं जब कोई पत्रकार संगठन ने वरिष्ठ पत्रकारों की खबर ली हैं और पत्रकारों के निवास में पहुंच कर सम्मान दिया हैं यह हमारे लिए अविस्मरणीय छड हैं। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ पत्रकार रामनायाण पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद की यह अच्छी पहल हैं इससे पता चलता हैं कि आज भी वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान पत्रकारों में हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक को डायल-112/100 एफआरव्ही ने पहुँचाया अस्पताल

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर**। अनुपपुर के थाना करणपठार क्षेत्र के खाले दूधी गाँव में एक एक्सिडेंट हो गया है, 01 व्यक्ति घायल हो गये हैं, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 29-05-2025 को रात्रि 08:22 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल करणपठार थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।
डायल-112/100 स्टाफ प्रधान आरक्षक राजेश पाव एवं पायलेट दिनेश लाल ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से पंकज सिंह पिता जगत सिंह उम्र 22 साल निवासी खाले दूधी मोटर साइकिल से गिर कर घायल हो गया था। डायल-112/100 सेवा द्वारा घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनीबारी पहुँचाया गया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से घायल को समय पर उपचार मिला।

**बैगा आदिवासियों की जमीन खरीदने वाले गरीबी रेखा की सूची में हैं शामिल**

# बजाग विकास खंड के पिपरिया गांव की चार लोगों ने खरीद ली 800 एकड़ जमीन

**बेशकीमती जमीन खरीदने कहां से मिली इतनी बडी रकम**

### जमीन खरीददार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत ले रहे हैं राशन

डिण्डौरी






जिले के बजाग विकासखंड के पिपरिया गांव में मूल रूप से रहने वाले बैगा आदिवासियों की लगभग 800 एकड़ निजी भूमि के खसरों का 67 प्रतिषत हिस्सा कटनी जिले के उन लोगों ने खरीद लिया जो कटनी जिले की बीपीएल सूची में शामिल है। प्रदेश शासन द्वारा केवल गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन दिया जाता है। लेकिन कटनी जिले के चार व्यक्ति ऐसे हैं जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हुये सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत इन लोगों के परिवार को यह राशन मिल रहा है। जिससे स्पष्ट है कि ये लोग शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज गरीब परिवार के सदस्य है। कोरोना काल में इन सभी के परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन भी प्राप्त हुआ है। पर इन लोगों के नाम डिंडोरी जिले में जितनी जमीनें दर्ज है उतनी शायद किसी बड़े जमींदार के पास भी नहीं होगी। कटनी जिले के बडवारा जनपद की ग्राम पंचायत सुतली के रहने वाले रघुराज सिंह पिता श्यामलाल ने डिंडोरी जिले के ग्राम पिपरिया माल में 148.95 हेक्टयर और बघरैली सानी में 17.65 हेक्टयर = 166.60 हेक्टयर जमीनें जो एकड़ में 411.59 एकड़ होती है वर्ष 2015 से अब तक खरीदी गई है। रघुराज सिंह के परिवार ने 17 फरवरी 2022 को शासकीय उचित मूल्य दुकान मोहनी से जनवरी और फरवरी माह का खाद्यान्न प्राप्त किया। इनके परिवार को मुफ्त राशन भी प्रदान किया गया। और इसी दरम्यान रघुराज सिंह द्वारा डिंडोरी जिले में जमीनें खरीदी गई तो अब तक 411 एकड़ भूमि है और ये सभी बैगा आदिवासियों की जमीनें है। जिनको लेकर अब यहां के ग्रामीण आरोप लगा रहे है की उनकी जमीनें बहला फुसला कर या धोखा देकर दलालों के माध्यम से नाम करवा दी गई है। ग्रामीणों के ये आरोप सच लगते है जब खरीददार का नाम गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारो की सूची में शामिल हो। इसके अलावा उक्त व्यक्ति को उसका पक्का मकान बनाने के लिए राशि 1.20 लाख रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना से 8 अप्रैल 2022 को स्वीकृत की गई। इनके हिस्से में इनके पैतृक ग्राम में मात्र 2 एकड़ जमीन होने की जानकारी सूत्रों से मिलती है। दूसरे नंबर पर नत्थू पिता राममिलन के नाम पर पिपरिया माल में 70.27 हे. और 39 हे. हर्रा टोला रैयत में = 70.66 हे. अर्थात 179.53 एकड़ जमीन खरीदी गई है। इनके परिवार के 6 सदस्य राशन कार्ड में दर्ज है जिन्हें उचित मूल्य पर शासन की योजनांतर्गत राशन प्रदाय किया जा रहा है। 22 अप्रैल 2025 को इनके परिवार ने 12 किलो गेहूं, 18 किलो चावल और 1 किलो नमक का उठाव किया है। इनका परिवार भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना अंतर्गत इन्हें मुफ्त राशन भी दिया जाता रहा है। तीसरा नंबर पर प्रहलाद पिता पद्दू निवासी वार्ड 31, कटनी है जिनके नाम पर पिपरिया में 32.34 हे. हर्रा टोला रैयत में 11.96 हे. कुल 44.30 हे. कुल 109.42 एकड़ जमीन खरीदी गई। इनके द्वारा ओम मां कृष वाहनी महिला उपभोक्ता सहकारी भंडार सी एल पी पाठक वार्ड से 12 मई 2025 को 6 किलो गेहूं, 9 किलो चावल और 1 किलो नमक का उठाव किया। परिवार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना का पात्र लाभार्थी है जिन्हें मुफ्त खाद्यान्न शासन द्वारा दिया जाता है। चैथे नंबर पर है राकेश पिता मोलाई, निवासी ग्राम बरमानी जिला कटनी के नाम पर पिपरिया में 33.86 हे., बगरेली सानी में 1.81 हे.= 34.67 हे. कुल 85.63 एकड़ जमीन खरीदी गई। इनके परिवार के 6 सदस्यों का राशन 12 अप्रैल 2025 को 12 किलो गेहूं, 18 चावल और 1 किलो नमक प्राप्त किया। इस परिवार को भी मुफ्त राशन का लाभ मिला है। इनको 04.04'.2018 में पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1.20 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई। इनका परिवार मनरेगा अंतर्गत अकुशल मजदूर है। इनके जॉब कार्ड के अनुसार राकेश सिंह ने 27.05.2023 तक मनरेगा में मजदूरी की, पुत्री 25.12.2024 तक कार्य करती रही पत्नी सुमित्रा बाई का नाम 21.04.2025 तक मस्टर में दर्ज है। राकेश सिंह को 13.06.2023 को 7 दिनों का मजदूरी भुगतान 1435 रुपए उनके सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, सलैया सिहोरा के खाते में किया गया। पुत्री को 817 रु. का मजदूरी भुगतान और 02.06.2023 को इसी खाते में पत्नी को 1200 रु. मजदूरी भुगतान किया गया। मनरेगा अंतर्गत सुमित्रा बाई का नाम वर्तमान में भी मस्टरोल में दर्ज है।

#### मूल ग्राम में कितनी जमीन के हैं मालिक

रघुराज सिंह को पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनके मूल ग्राम में खसरा क्रमांक 290/3, 290/6, 342/1 और 174/3 में कुल 3.33 हे. भूमि दर्ज है। कुल 8.22 एकड़ जमीन में चार भाई बहनों के हिस्से में है रघुराज, रतन, उमा और रेणुका पिता श्यामलाल। इस तरह यह जमीन जो इनकी पैतृक भूमि है उसमें से रघुराज सिंह के हिस्से में 2.05 एकड़ जमीन है। यह जमीन 27.07.2015 से पैक्स पिपरियाकला द्वारा कृषि उपज की दृष्टिबंधक है। नत्थू पिता राममिलन, निवासी गोइंद्रा, तहसील विजयराघवगढ़, जिला कटनी की इनके मूल ग्राम गोइंद्रा में 6 खसरों में अविभाजित भूमि दर्ज है, इनके हिस्से में कुल 0.820 हे. अर्थात कुल लगभग 2 एकड़ जमीन है। राकेश पिता मोलई के मूल गांव बरमानी में इनकी लगभग 3.65 एकड़ पुस्तैनी कृषि भूमि होने की जानकारी सूत्रों से प्राप्त हुई है। पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वीकृत हुआ है। जो व्यक्ति अपने परिवार के भरण पोषण के लिए खुले बाजार से राशन खरीदने में अक्षम है वह अपने जिले से बाहर आकर सैकड़ों एकड़ जमीन खरीदता है तो सवाल जरूर उठता है कि आखिर इनके पास इतना पैसा आया कहा से। पिपरिया माल की असिंचित कृषि भूमि की शासकीय दर 1.98 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित है। इस हिसाब से रघुराज सिंह की 148.95 हेक्टर की कीमत 29,492,100 (दो करोड़ चैरानबे लाख, बानबे हजार सौ रुपए) नत्थू पिता राममिलन की 70.27 हेक्टर 13,913,460 (एक करोड़ उन्तालीस लाख, तेरह हजार चार सौ साठ रुपए) राकेश पिता मोलाई, की 33.86 हेक्टर कीमत रुपए 6,704,280 (सड़सठ लाख, चार हजार दो सौ अस्सी रुपए) प्रहलाद पिता पद्दू, की 32.34 हेक्टेयर की कीमत 6,403,320 (चैसट लाख, तीन हजार तीन सौ बीस) कुल कीमत रुपए 56,513,160 (पांच करोड़ पैंसठ लाख, तेरह हजार एक सौ साठ) होती है। इन खरीदारों के पास इतनी बड़ी राशि कहा से, कब और कैसे आई यह बड़ा सवाल है। इतनी बड़ी रकम का लेनदेन वैधानिक तरीके से हुआ या नहीं इस आय का वैधानिक स्त्रोत और उस पर निर्धारित टैक्स का भुगतान किया गया या नहीं इन विषयों की जांच होनी चाहिए। फिर इन्होंने पिपरिया माल की अधिकांश अनुपजाऊ भूमि किस उद्देश्य से खरीद ली ? इन सब बातों की जांच से यह स्पष्ट हो जाएगा कि ये गरीब लोग है जिनका उपयोग सिर्फ मोहरों की तरह किया जा रहा है। जबकि यह पूरे सुनियोजित षड्यंत्र के पीछे बड़े पूंजीपतियों और खनन माफियाओं का हाथ है जो आदिवासियों की जमीनें हड़पकर उसमें छुपे कीमती खनिज से अपनी तिजोरियां भरने की तैयारी पूरी कर चुके है और शासन प्रशासन भी इनके सामने अक्षम बना हुआ है। जबकि गरीब परिवार के इन लोगों और जिनकी जमीनें खरीदी गई है दोनों का शोषण हो रहा है इनकी गरीबी, अशिक्षा और बेबसी का फायदा कथित माफियाओं के द्वारा उठाया जा रहा है। शासन प्रशासन इस पूरे मामले पर उठ रहे तमाम सवालों और पीड़ित आदिवासी परिवारों की शिकायतों के बाद भी आगे न्यायसंगत और बड़ी कार्यवाही कर पाएगी यह इसका सबको इंतजार रहेगा।

## जल संकट से जूझ रहे भानपुर वासी, दूषित पानी पीने को मजबूर

### जनसुनवाई में दर्ज कराई थी शिकायत, नहीं हुआ निराकरण

डिण्डौरी



मेंहदवानी विकास खंड के भानपुर गांव में बीते वर्षो की भॉति इस साल भी भीषण जलसंकट के हालात बन गये हैं। आलम यह है की गांव के तमाम जलस्त्रोत सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। जिसकी वजह से यहां के रहवासियों को बूँद बूँद पानी के लिए मोहताज होना पड़ रहा है। हैरत की बात तो यह है की 800 से अधिक आबादी वाले इस गांव में अब तक नलजल योजना नहीं पहुँच पाई है। कहने को तो गांव में चार हैंडपंप हैं लेकिन गर्मी का मौसम आते ही तीन हैंडपंपों से पानी निकलना बंद हो चुका है। हैंडपंप के अलावा जिन कुएं के पानी पर पूरा गांव निर्भर रहता है वे कुएं भी सूखने की कगार पर है। और इन्हीं कुएं की तलहटी में जमा दूषित पानी को पीकर ग्रामीण अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर हैं। यह वही भानपुर गांव है जहां दूषित पानी पीने की वजह से वर्ष 2008 में 11 लोगों की मौत हो गई थी व करीब 400 ग्रामीण बीमार पड़ गए थे बावजूद इस बड़ी घटना से भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। हर साल की तरह इस साल भी ग्रामीणों ने कलेक्टर की जनसुनवाई में जलसंकट से निजात दिलाने की गुहार लगाई है और प्रशासनिक अधिकारीयों ने भी हर बार की तरह इस बार भी ग्रामीणों को आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया है। पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री अफजल अमानुल्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भानपुर गांव में तत्काल पानी के वैकल्पिक इंतजाम कराने का भरोसा जताया है। ग्रामीणों का कहना है की लंबे वक्त से उनके गांव में बरकरार पानी की समस्या के चलते रिश्तेदारों ने भी उनसे नाता तोड़ लिया है साथ ही उनके गाँव में शादी के लिए लड़की देने से भी लोग कतराने लगे हैं। आलम यह है, कि सरपंच सचिव भी ग्रामीणों को हो रही परेशानी से अपनी दूरियां बना ली है। ग्रामीणों का कहना है, कि यदि टेंकर से पानी की सप्लाई की जाये तो लोगों को पेयजल हेतु पानी मिल जायेगा लेकिन इसको लेकर ग्राम पंचायत के नुमाइंदे संजीदा नजर नहीं आ रहे हैं।

## जल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को एसडीएम के प्रयास से मिला पानी



**डिंडौरी**- जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जाढ़ासुरंग के पोषक गांव बघडबरी के सैकड़ों नागरिक लंबे समय से जलसंकट से जूझ रहे थें ग्राम में एक ही हैंडपंप था जो गर्मी बढने के साथ हवा उगलने लगा था । इस समस्या से परेशान स्थानीय नागरिक समाधान हेतु लगातार प्रयास कर रहे थे लेकिन कहीं से कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं गर्मी के मौसम में प्राकृतिक जलस्त्रोतों का जलस्तर घट गया था लोग पानी के लिए यहां वहां भटक रहें थें जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा था । पंचायत से लेकर अन्य स्थानों पर समस्या के समाधान के लिए दरवाजा खटखटाया पर कहीं से संतोषप्रद जवाब नहीं मिला और समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही थी इसी बीच ग्रामीणों ने बजाग एसडीएम रामबाबू देवांगन को ग्राम के अंदर की गंभीर समस्या के निदान के लिए शिकायत कर व्यवस्था बनाने की मांग किया था जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने विभाग को निर्देशित कर हैंडपंप को व्यवस्थित करने तथा जलसंकट के निदान के लिए ठोस पहल करने का निर्देष दिया जिस पर अमल करते हुए विभागीय अधिकारी कर्मचारीयों ने तत्परता दिखाते हुए बघडबरी गांव पहुंचे और सबसे पहले गांव में स्थित हैंडपंप को ठीक किया जिससे अब पानी शुरू हो गया है। साथ ही गांव के अंदर एक नया बोर कराकर हैंडपंप स्थापित किया गया जिससे ग्रामीणो को जलसंकट से छुटकारा मिल गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि फिलहाल हैंडपंप से पानी बराबर निकल रहा हैं नये बोर से भी शीतल और स्वच्छ जल देखकर ग्रामीणों को चेहरे पर मुस्कान बिखर गई उन्होंने एसडीएम और विभाग को धन्यवाद दिया हैं।

## प्रधानाध्यापक अजय साहू के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**शहपुरा**- जिले के शहपुरा तहसील क्षेत्र के ग्राम करौंदी में पदस्थ प्रधानाध्यापक शिक्षक अजय साहू के सेवानिवृत होने पर आज उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। जानकारी में बताया गया कि शिक्षक अजय साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करौंदी में करीब 34 साल तक शिक्षक के रूप में सेवाएं दिए हैं । वहीं वे शिक्षक के रूप में करीब 42 साल की सेवाएं दिए हैं। जिनका शनिवार के दिन सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पीडी पटेल, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य डीके श्रीवास्तव, रिटायर्ड कर्नल केएल साहू, तीरथ प्रसाद साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष टेकेश्वर साहू, जनपद पंचायत सदस्य कीर्ति भीमशंकर साहू, सरपंच दुर्गा बाई बनवासी समेत बड़ी संख्या में शिक्षक , ग्रामीण व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति दिवस पर स्नातक महाविद्यालय के द्वारा निकाली जागरूकता रैली




**शहपुरा** - डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में 31 मई को नशा मुक्ति दिवस पर शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा के तत्वावधान में 4 MP CTR NCC JABALPUR एनसीसी छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली महाविद्यालय से शुरू हुई। यह उमरिया नाका, होते हुए महाविद्यालय मुख्यालय पर समाप्त हुई। 31डिग्री तापमान में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। कैडेट्स ने "नशा मुक्ति अभियान बने जनजन की पहचान" और "घर परिवार बचाना है, नशा मुक्ति अपनाना है" जैसे प्रेरक नारे लगाए। एनसीसी प्रभारी सी पी भानुवंशी के नेतृत्व में आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अजय भूषण ने बताया कि बीड़ी, गुटका, तंबाकू और शराब जैसे नशीले पदार्थों का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। रैली में महाविद्यालय परिवार शामिल रहा। सभी ने इस पहल को समाज सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कैडेट्स ने यह संदेश दिया कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है।



## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का डिंडोरी दौरा

**डिंडोरी**। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री दिग्विजय सिंह ने शनिवार को डिंडोरी का दौरा किया। इस दौरान वे स्थानीय अधिवक्ता श्री सम्यक जैन के निवास पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने श्री जैन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से नर्मदा नदी को प्रदूषण से बचाने की दिशा में समर्पित प्रयासों की प्रशंसा की। श्री सिंह ने कहा कि नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है और इसके संरक्षण के लिए जनभागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर युवाओं की भूमिका पर भी बल दिया। अधिवक्ता सम्यक जैन द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान और स्वच्छता कार्यक्रमों को लेकर किए जा रहे प्रयासों की उन्होंने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर डिंडोरी विधायक श्री ओमकार सिंह मरकाम सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय जनता ने भी श्री सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया।पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन से जिले में राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखा गया।

## कन्या छात्रावास में घुसे सांप का किया रेस्क्यू

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**



विगत कुछ दिनों से हो रही बारिश के चलते जहरीले कीड़े मकोड़े का निकलना शुरू हो गया है। विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी में स्थित आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास में शुक्रवार को एक जहरीला सांप घुस गया जिससे छात्रावास में डर का माहौल बन गया और छात्राएं एक जगह एकत्र हो गईं। आनन-फानन में छात्रावास अधीक्षिका ने इसकी सूचना वन विभाग मेंहदवानी को दी। कन्या छात्रावास में सांप घुसे होने की जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू कर सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

**खबर संक्षेप**

## जिला अभियोजन संचालनालय के कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।** दिनांक 31.05.2025 को जिला अभियोजन संचालनालय नरसिंहपुर के कार्यालय का उद्घाटन संचालक बी.एल. प्रजापति, संचालनालय लोक अभियोजन भोपाल म0प्र0 के कर कमलों द्वारा किया गया।इस अवसर पर बी.एल. प्रजापति ने कहा कि बेहतर सुविधाओं के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्य क्षमता में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिला लोक अभियोजन अधिकारी रामकुमार पटेल, एडीशनल एस.पी. संदीप भूरिया, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी इंद्रमणि गुप्ता, श्रीमती संगीता दुबे, श्रीमती सोनाली तिवारी, घनश्याम प्रजापति, आदित्य तिवारी, श्रीमती निशा मिश्रा, जय कुमार गुप्ता, द्विज सिंह सेंगर, सुश्री मनुश्रीवास सहित कार्यालय में पदस्थ समस्त कर्मचारीगण एवं कोर्ट मुंशी उपस्थित रहे।

## कक्षा पांचवी एवं आठवीं की पुनः परीक्षा 2 जून से 9 जून तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा पांचवी और आठवीं की पुनः परीक्षा 2 जून से 9 जून तक संपन्न होंगी जिसमें कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं के बच्चों को परीक्षा तक आवागमन में सुविधा को देखते हुए केंद्र बनाए गए हैं। संबंधित संस्था के शिक्षक को परीक्षार्थी को केंद्र तक पहुंचाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। संस्था प्रमुख द्वारा पुनः परीक्षा से संबंधित जानकारी छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराकर सभी विकासखंड स्रोत समन्वयक द्वारा ऑनलाइन प्रवेश पत्र संबंधित संस्था के माध्यम से पृक्षार्थियों तक पहुंचा दिए गए हैं। जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा पांचवी की पुनः परीक्षा में 178 एवं कक्षा आठवीं में 329 परीक्षार्थी होंगे शामिल। जिले के समस्त विकासखंड में पुनः परीक्षा केंद्रों में चावरपाठा में पांच, चीचली एवं साईखेड़ा में 2 एवं गोटेगांव, करेली, नरसिंहपुर में एक-एक केंद्र बनाए गए हैं। पुनः परीक्षा के विधिवत संचालन हेतु जिला एवं विकासखंड स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

## ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की दी गई विस्तारपूर्वक जानकारी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय षिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रवेष प्रक्रिया, विषय चयन और छात्र-छात्राओं के समग्र व्यक्तित्व विकास की दिषा में शासन की महत्वपूर्ण योजना 'कॉलेज चलो अभियान ' के उद्देष्य से शैक्षणिक विमर्ष 2025 की श्रंख्ला लगातार छात्र-छात्राओं को लाभान्वित कर रही है। विज्ञान, जीव-विज्ञान, वाणिज्य, कला और षिक्षा संकाय के छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक जिले के षिक्षाविदों से मार्गदर्षन प्राप्त कर रहे हैं। विमर्ष कार्यक्रम मे विषय विषेषज्ञ श्रीमती अल्का शर्मा, जी एस पटैल, शैलेन्द्र बक्षी, डॉ विवेक सक्सेना, डॉ. अषोक उदेनिया, हरजीत सिंह छाबड़ा , रंजीत लोधी एवं ले. अंषुल नेमा ने विषय चयन के समय तकनीकी बारीकियों एवं जागरूकता की बात पर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्राचार्य डॉ. अषोक कुमार गर्ग ने अभिभावकों विभिन्न विद्यालयों एवं छात्र-छात्राओं को उनके सहयोग के प्रति आभार प्रगट करते हुए उनके सुझावों को आमंत्रित किया । उक्त विमर्ष का आयोजन प्रतिदिन सायं 04 वजे से 05:30 तक महाविद्यालय मे आयोजित किया जाएगा।

## जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

# जन कल्याण पर्व के रूप में मनायी देवी अहिल्याबाई होल्कर जयन्ती





## पुलिस प्रशासन ने मनाया लोक कल्याणकारी पर्व





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पुलिस प्रशासन जिला नरसिंहपुर ने लोक कल्याण एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक। सुशासन एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रतीक देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन एवं भारतीय संस्कृति में दिये योगदान के उपलक्ष्य में 300 वीं जयन्ती जनकल्याण पर्व के रूप में दिनांक 31.05.2025 को मनायी जा रही है। इस अवसर पर जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में जिसमें विशेष रूप से झुग्गी झोपड़ियों स्लम क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं एवं स्कूल एवं कॉलेज की छात्राओं महिलाओं के विरूद्ध घटित अपराधों की रोकथाम एवं अपराधों के विरूद्ध जागरूकता एवं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बाईक रैली एवं नुक्कड सभाओं के माध्यम से महिलाओं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी साथ ही महिला सुरक्षा शाखा द्वारा निर्मित प्रचार पुस्तिका (पेम्पलेट) का वितरण किया गया एवं महिला सुरक्षा हेतु पुलिस सहायता हेल्प लाईन नंबरों की जानकारी दी गयी।

जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

जिला भाजपा कार्यालय नरसिंहपुर में पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होलकर जी की 300 वीं जन्मजयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम भारत माता एवं महापुरुषों का पूजन कर कार्यक्रम का आरंभ किया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अनंत दुबे जी थे,कार्यक्रम के जिला संयोजक हरिप्रताप ममार ,श्रीमती संध्या कोठारी ने भी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मंच संचालन मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री रचना वर्मा ने किया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील कोठारी , सरदार मामा ,विजय लूणावत ,जिला संयोजक सोशल मीडिया भाजपा श्रीकांत श्रीवास्तव ,पार्षद श्रीमती सुषमा तिवारी ,सुमन राजपूत , अर्चना राय ,मंडल उपाध्यक्ष हेमराज यादव, राजा साहू , योगेश नामदेव ,श्रीमती सविता अग्रवाल ,श्रीमती शक्ति बागड़े ,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव , अरविंद नौरिया , लक्ष्मण कोरी ,रोशन राजपूत ,कोमल राय ,सुमित कश्यप सहित पार्टी पदाधिकारी एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

# अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवं जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस जिला चिकित्सालय प्रांगण नरसिंहपुर में मनाया गया। कला एवं संस्कृति प्रभाग के बाल कलाकारों के द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत अतिथिगण भ्राता एस. एस. ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,भ्राता गुलाब खातरकर ईपीडिमोलाजिस्ट जोनल अधिकारी (नशा मुक्त भारत), डॉ रिपु दमन सिंह, डॉ ऋचा मिश्रा दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ राहुल नेमा , ब्रह्माकुमारी अंजना दीदी, अनुपमा दीदी, कुलदीप कौरव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अनुपमा दीदी ने कहा कि आज लोग समस्याओं का समाधान नशे में ढूंढते हैं जबकि नशा करना स्थाई समाधान नहीं है। यह शरीर इतनी सुंदर रचना हमें भगवान के वरदान के रूप में प्राप्त हुई है जिसे हमें नशा करके बर्बाद नहीं करना है। हमारा शरीर नशे के लिए अनुकूल नहीं बना है।आइए आज हम सब तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष परमात्मा द्वारा सिखाए गए राजयोग ध्यान पद्धति को अपनाकर में नशा मुक्त समाज का निर्माण करने का संकल्प करें। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी अंजना दीदी जी ने नशा मुक्त बनने के लिए शक्तिशाली राजयोग की अनुभूति कराई। इसके बाद डॉ गुलाब खातरकर ने नशा के संबंध में सभी को सरकार के नियम एवं कानून की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ शुभलक्ष्मी सिंघई, डॉक्टर शोभना पटेल, डॉ सुभाष नागवंशी आयुष विंग, डॉ प्रियंका नेमा ,बहन मृदुला सोनी , डॉक्टर प्रियंका नेमा,सिस्टर शकुन राय , डोली सिस्टर, मौली सिस्टर आदि उपस्थित रहे।

## निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आरक्षित सीटों के लिए हुई ऑनलाइन लॉटरी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए शिक्षा केंद्र द्वारा आवेदन बुलाए गए थे, जिसमें लॉटरी के परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिये गये हैं। परिणाम घोषित होने के पश्चात अभिभावकों को 2 जून से 10 जून के बीच प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार जिले में कुल एक हजार 356 सीट के लिए आवेदन बुलाए गए थे। जिले में 3 हजार 667 आवेदन प्राप्त हुए जिन्हे जिले के 52 जन शिक्षा केंद्रों पर संबंधित को दूरभाष पर सूचना देकर सत्यापित के लिए बुलाया गया। प्राप्त 3667 आवेदन में से 3190 आवेदन सत्यापित हुए और शेष आवेदकों ने सत्यापन में सहभागिता नही की गई। प्रथम चरण में 1356 सीट में से 1332 सीट लॉटरी के माध्यम से आ चुकी है। संबंधित अभिभावक अपने बच्चों के लिए स्कूल आवंटन की स्थिति अधिकारिक पोर्टल पर और पंजीकृत मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से परिणाम देख सकते हैं। आरटीई के तहत जिन बच्चों का नाम लॉटरी में आया है, उन्हें 2 जून से 10 जून के बीच प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होगी। संबंधित स्कूल में पहुंचकर अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला करा सकते हैं। यदि संबंधित निजी स्कूल प्रवेश देने से इंकार करता है, तो इसकी शिकायत विभाग को की जा सकती है।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर हुये विविध आयोजन



**तेंदूखेड़ा ।** तम्बाकू निषेध दिवस पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में भी जन जागरण को लेकर विविध आयोजन संपन्न हुये।इसी श्रंखला में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तेन्दूखेड़ा के तत्वावधान मे ब्रह्माकुमारीज की सहयोगी संस्था राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस का कार्यक्रम नए बस स्टैंड तेन्दूखेड़ा में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ 3 मिनिट परमात्म स्मृति के साथ हुआ। बीके किरण दीदी ने कार्यक्रम का उद्देश्य व संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि मूल्य निष्ठ समाज का निर्माण करने व समाज को तनाव मुक्त एवं व्यसन मुक्त बनाने के प्रयास में ब्रह्माकुमारीज संस्थान विगत 88 बर्षो से निरन्तर प्रयासरत है। मुख्य वक्ता बी के प्रीति दीदी ने नशा से होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया उनसे बचने के सरल उपाय भी बताये। यह एक मानसिक बीमारी है ।

जिसको मानसिक संतुलन शांति व्यायाम संगीत और मेडिटेशन से सहज ही छोड़ा जा सकता है।

नशा व्यक्ति कब करता है जब उसे टेंशन तनाव होता है । हम शरीर नही शरीर को चलाने वाली चैतन्य सत्ता आत्मा है। जब स्वयं को आत्मा समझे परमात्मा को याद करे तो मन मे शान्ति और शक्ति आती है जिससे मनोबल बढ़ता है तब हम व्यसन सहज छोड़ देते। लेकिन अभी सबके मन कमजोर है तो थोड़ा सा भी टेंशन हुआ और शराब गुटखा बीड़ी आदि का सेवन करने लगते है। लेकिन आप तनाव को आप सकारात्मक सोच और मेडिटेशन से सहज दूर कर सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ संजय साहू शिक्षक देवीसींग पटेल शिक्षिका श्रीमती संगीता सोनी डॉ प्रेम सिंह खैरोनिया ने संस्थान के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सबको नशे की लत को छोड़ने की अपील की। खास कर माता पिता छोटे बच्चों पर ध्यान दे बहुत छोटी उम्र में बच्चे गुटखा का सेवन करने लगे है। सभी को नशा मुक्त रहने की प्रतिज्ञा करवाई।बीके पुरुषोत्तम भाई ने व्यसन मुक्ति नारे लगाए व व्यसन मुक्ति पर्दशनी का अवलोकन करवाया।

# केसली पुलिस ने पकड़ी चोरी

## चोरों ने तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में भी चोरी करना कबूला

तेंदूखेड़ा विगत दिनों तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम डोभी में एक शिक्षक परिवार में लाखों रुपए की चोरी की घटना घटित हुई है जिसमें 28 तोला सोना और 14 किलो चांदी जाने की रिपोर्ट पीड़ित परिवार द्वारा कराई गई है।

### कहीं डोभी की चोरी तो नहीं

पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए हर एंगिल से इस चोरी को पकड़ने आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।इसी बीच पड़ोसी सागर जिले के अंतर्गत आने वाले केसली थाना अंतर्गत 18 मई को हुई चोरी को विगत दिनों दो चोरों को केसली पुलिस ने पकड़ा है जिनके माध्यम से लाखों रुपए मूल्य के सोने चांदी के जेवरात और नगदी बरामद हुई है। पुलिस अभिरक्षा में जिमी बबलू पारदी आदिवासी 19 साल और आरेस पारदी 20 ने पूंछतांछ के दौरान रायसेन जिले के बरेली और नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में भी 22 मई के आसपास चोरी करना स्वीकार किया है।इस चोरी में डोभी की चोरी तो नहीं है यह सघनता से पूंछताछ के उपरांत ही स्पष्ट हो सकेगा। पीड़ित पक्ष भी अपने घर से हुई चोरी को लेकर काफी व्यथित होने के साथ अपने स्तर से भी साक्ष्य जुटाने में लगा हुआ है।

## चांवरपाठा में जन जागरण शिविर का हुआ आयोजन



**तेंदूखेड़ा ।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक शिविर का आयोजन करते हुए कर्मचारियों एवं ग्राम वासियों को जानकारी देने के साथ शपथ दिलाई गई। तथा तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जिला स्तर से पधारे डा गुलाब खातरकर ने बताया कि डब्ल्यू एन टी डी थीम तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति की अपील को उजागर करना है ।तम्बाकू के सेवन से हर साल एक करोड़ लोग मर जाते है ।तम्बाकू मे निकोटीन के साथ साथ अन्य जहरीले तत्व होते है। इससे मुँह के कैंसर के अलावा लिवर पेनक्रियाज आंतों रेक्टम एसोफेग्स के कैंसर होते हैं ।इसके अलावा न्यूरोवस्कुलर दिल की बीमारी लंग्स कैंसर महिलाओ मे गर्भाशाय के केंसर होते है । इस शिविर में ब्लाक मेडीकल आफीसर डॉ राजकिशोर पटैल विनोद कुमार प्रजापति हेमंत सोनी संदीप सराठे तथा समस्त कार्यालीन कर्मचारी अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा है ।

# कंटेनरों की रफ्तार पर नहीं लग पा रहा विराम





**प्रतिदिन हो रही घटनाएं चिंता का विषय**

**तेंदूखेड़ा ।** इन दिनों तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर एन टी पी सी से राख लेकर अंधी रफ्तार में तेंदूखेड़ा क्षेत्र से गुजर रहे कंटेनर हादसों को लगातार जन्म देने के साथ मानवीय मूल्यों के साथ खिलवाड़ करते चले जा रहे हैं। और प्रशासन आंख कान बंद करके बैठा हुआ है। लगातार असमय काल के गाल में कई जिंदगियों को समाप्त कर पीड़ित परिवारों के छोटे छोटे बच्चों को अनाथ कर देने के बाबजूद भी सड़क मार्ग की क्षमता के बाबजूद सैकड़ों की संख्या में इन कंटेनरों की आवाजाही बनीं हुई है। गुरुवार को हीरापुर के समीप अचानक ब्रेक लगा देने के चलते पीछे तरफ से चली आ रही कार इस कंटेनर से भिड़ गई थी जिसमें दो लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए थे और कार का सामने तरफ का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। घटना की चर्चाएं अभी शांत ही नहीं हो पाई थी कि शनिवार को सुबह सुबह लगभग साढ़े दस मनकापुर तिगड्डा पर एक कंटेनर ने मनकापुर निवासी नीरज पिता मनभूत धानक 24 साल को जोरदार टक्कर मारकर रफुचक्कर हो गया।नीरज धानक का पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल पीड़ित को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने के लिए 108 ऐम्बुलेंस बाहन सेवा को बुलाया लेकिन वह भी मौके पर जाकर पंचर हो गई और इस बाहन सेवा में स्टेपनी तक नहीं थी।कुल मिलाकर तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर मानवीय मूल्यों से हो रही खिलवाड़ को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर से रोष व्याप्त है। कभी भी किसी समय इन कंटेनरों की रफ्तार पर रोक लगाने की दिशा में जनांदोलन का शंखनाद हो सकता है।